प्रेस नोट

जनपद हमीरपुर **दिनांक 16.04.2024**

प्रथम,द्वितीय व तृतीय चरण के निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा ब्रीफिंग कर पुलिस बल को हरी झण्डी दिखाकर बसों से रवाना किया गया।

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा आज दिनांक 16.04.2024 को लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद हमीरपुर से लगाये गये पुलिस बल को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। लगाये गये पुलिस बल की ब्रीफिंग कर उन्हे यात्रा तथा मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में हिदायत दी गयी साथ ही निर्देशित किया गया कि सतर्क एवं संवेदनशील रहकर चुनाव ड्यूटी करें यह एक महत्वपूर्ण ड्यूटी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना अभूतपूर्व योगदान देकर बूथ पर मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार रखें। किसी भी व्यक्ति के द्वारा मतदान के दौरान कोई अव्यवस्था की जाती है या मतदान को शान्तिपूर्ण वा निष्पक्ष होने से प्रभावित किया जाता है तो किसी भी दशा में उस व्यक्ति / अराजकतत्वों को रोकें तथा तत्काल इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दें।

हमीरपुर डिपो
उत्तर प्रदेश परिवहन
UP91 G 0261